[Secretary]

(i) In accordance with the provisions of sub-rule (6) of rule 186 of the Rules of procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to return herewith the Rajasthan Appropriation (Vote on Account) Bill, 1967 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 28th March, 1967 and transmitted to the Rajya Sabha for its recommendations and to state that this House has no recommendations to make to the Lok Sabha in regard to the said Bill

(ii) In accordance with the provisions of sub-rule (6) of rule 186 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to return herewith the Rajasthan Appropriation Bill 1967 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 28th March, 1967, and transmitted to the Rajya Sabha for its recommendations and to state that this House has no recommendations to make to the Lok Sabha in regard to the said Bill'

17.34 hrs

DISCUSSION RE DEPARTURE OF MRS SVETLANA ALLILUEVA FROM INDIA TO WEST

Mr Speaker: Dr Lohia will now start his speech

Shri Vasudevan Nair (Peermade): I want to know whether this discussion is only for half an hour or more than that? This discussion is under rule 193 and some of us would like to speak. So, you can extend the time up to two and a half hours.

Mr. Speaker: Dr. Lohia may start now, we shall see.

डा० राम मनोहर लोहिया (कन्नौज): डाई घंटा तो कम से कम है। आप इस को तीन या चार घंटे कर सके तो और अच्छा है। इस से कम में काम नहीं चलेगा।

अध्यक्ष महोदय, यह मामला दो का है। एक तरफ स्वेतलाना जी का और दूसरी तरफ भारत का। कुछ लोगों ने नासमझी से या किसी कारण से कोशिश की कि इस मामले को तिकोना या चौकोना बनाया जाये। अमेरीका अथवा रूस अथवा दोनों को शामिल कर के। अच्छा होगा कि सब लोग जहां तक हो सके इसे दोकोना मामला ही रखें, स्वेतलाना का और भारत का। इस में एक बात

एक माननीय सदस्य: एक आप का।

डा० राम मनोहर लोहिया: मेरा मामला रख लेते तो यह नौबत ही न आती। तब तो वह यहां रहती ही। चली नहीं जाती।

ऐसी सूरत में मुझे सब से पहले आप से एक अर्ज गुजारनी है कि हर इन्सान की अपनी एक पैदाइशी मां होती है। स्वेतलाना की पैदाइशी मां रूस रही है। लेकिन इसके अलावा एक और मां हमेशा से रही है और अब इन्सान को उस की बहुत ज्यादा जरूरत पड़ने लगी है। वह है पृथ्वी माता साफ सी बात है कि पृथ्वी माता पूरी शक्ल में तो हमें नहीं मिल सकती, उस में से किसी न किसी हिस्से को पकड़ कर के ही हम जिन्दा रह सकते हैं मुझे एक तो बड़े खेद के साथ कहना पड़ता है कि आज की इस क्रूर और बदतमीज शताब्दी में पृथ्वी माता का बड़ा निरादर हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र में नौकरी करने वाले लोग भी जब कहीं मरते हैं तो उन का शव उन के देश में लाया जाता है, जैसे कि भारत के जनरल के शव को, जो कि साइप्रस में मरे थे, कश्मीर और न जाने कहां कहां लाया गया था, और आस्ट्रेलिया के जनरल के शव को बिस्बेन और न जाने कहां-कहां से लाया गया था। यह पृथ्वी माता का निरादर है।

इस स्वेतलाना का मामला ऐसा बिगड़ा हुआ है कि उस को उसकी अपनी प्राकृतिक माता से बहुत दुखः हुआ। दिल छिन गया। तब उस ने एक अपनाई भावना माता, पृथ्वी माता के भारत वाले अंश को। अपनी प्राकृतिक माता ने उस का दिल दुखाया, अपनाई भावना माता ने उस को ठुकराया। सीदा सादा मामला स्वतेलाना का यही है, और बहुत दर्दनाक मामला है। एक और प्रसंग में जफर ने कहा था, बदनसीब जफर ने कि 'उसको दो गज जमी भी मिल न सकी कूए यार मे," इसी तरह से मुझे कहना है कि स्वेतलाना कितनी बदनसीब है, और हम कितने बदनसीब हैं, कि उस को दो गज जमी भी न मिल सकी कूए यार मे, और हम कितने बदनसीब हैं कि उसे यह जमीन नही दिला सके।

अब सवाल यह है कि विदेश मंत्री ने जो यहा पर 21 तारीख को ब्यान दिया था और जो असलियत है उनमे बड़ा अन्तर है। मैं आप को विदेश मंत्री जी के कुछ बयान बतला देता हू, इस इरादे से नही कि मैं यहा साबित करू कि वह असत्य बोले। मैं माने लेता हू कि जान बूझ कर के वह असत्य नही बोले। उस वक्त उनके पास जो इतला थी, उसी से हिसाब मे बोले। और आज मै उन से प्रार्थना करूंगा कि वह अपने आप को सुधार ले। उन्होंने कहा था : 'एक तो यह गलत है कि इस महिला ने विदेश मंत्रालय को कोई प्रार्थना की, या किसी मंत्री को या प्रधान मंत्री को, तीनो शब्द हैं प्रार्थना शब्द है। "मंत्रालय, कोई मंत्री, प्रधान मंत्री" है। "इस देश मे रहने के लिए" साफ शब्द है "इस देश में रहने के लिये" एक दर्दनाक प्रार्थना को छोड़ दीजिये, साधारण प्रार्थना तक नहीं हुई। "मैं ने पहले कहा, और अब दोहराता हूँ कि इस लोगों ने उस का बोसा बढ़ाया। और कोई सवाल नहीं था, कोई बात नहीं थी कि वह इस देश में रहना चाहती थी।" आप याद रखिये, "इस देश मे वह रहना चाहती थी" यह विदेश मंत्री जी ने कहा। फिर एक सवाल होने पर दुबारा उन्होने कहा : "मैं किसी कानूनी शब्द की शरण नही ले रहा हू। शरण और वीजा का फर्क पडता है। उस वक्त मै उसका सहारा नही ले रहा हू। मैं कहना चाहता हू कि इस महिला ने कोई इच्छा नही जाहिर की किसी प्रकार की इस देश मे रहने के लिये।" यह शब्द बिल्कुल साफ है। इसके कोई दूसरे माने नही हो सकते।" यहा रहने की कोई इच्छा नही जाहिर की" "किसी मंत्री को, प्रधान मंत्री को विदेश मन्त्रालय को"। यहा आप प्रार्थना, इच्छा इन शब्दो पर ध्यान देगे, क्योकि अगर विदेश मंत्री जी इस वक्त कह दे कि उन के पास कोई लिखी हुई चिट्ठी नही आई तो यह बात बिल्कुल यहा पर बेमानी होगी। उन के भाषण मे चिट्ठी वगैरह का कोई सवाल नही है। इच्छा का सवाल है। यह बड़ा लम्बा किस्सा हो जायेगा इस लिये मैं विदेश मंत्री जी के बयान को छोड़ देता हू।

अब जो स्वेतलाना जी ने खत लिखा था, और वह खत लिखा देवेन्द्र बाहरी को, उस को देखिये। वह पन्द्रह सोलह वर्ष की उम्र से समाजवादी आन्दोलन के साथ बढ़ा है, पनपा है। उस समाजवादी आन्दोलन के साथ जिस ने समाज को शोषक मनुष्य से बचाना चाहा है और मनुष्य को सर्वग्राही राज्य से दोनो बातो को याद रखना जरूरी है क्योंकि किसी एक को याद रखने मे अमरीका की तरफ मामला झुक जाता है और किसी दूसरे को याद रखने से रूस की तरफ। इस लिये मैं यह दुबारा कहे देता हू कि पन्द्रह वर्ष की उम्र से पिछले चौदह वर्ष में उसने हम लोगो के साथ रह कर के समाज को शोषक मनुष्य से बचाना चाहा है और मनुष्य को सर्वग्राही राज्य से। अब स्वेतलाना लिख रही है कि "अब मैं कालाकांकर में रह सकूंगी क्योंकि राजा साहब बहुत खुश

[डॉ० राम मनोहर लोहिया]

हो गए हैं यह जानकर कि मैं मसकवी के लिए जा रही हूं। अब मैं कालाकाकर में रह सकती हूं, तमन्ती के साथ रह सकती हूं"।

एक माननीय सदस्य : राजा साहब कौन ?

डा० राम मनोहर लोहिया : कालाकाकर में एक ही राजा साहब है क्योंकि बाकी लोग लाल साहब होते हैं। छोटे भाइयों को लाल साहब कहा जाता है। यह भी एक कारण हुआ था उस बेचारी के दुखी होने का।

यह भी यह कह रही है कि मैं थक गई हूं, ऊब गई हूं और अब इस बात को आगे नहीं चलाना चाहती हूं।

श्री नरेन्द्र सिंह महीदा (आनन्द) : यह खत उसके हाथ का लिखा हुआ है ?

डा० राम मनोहर लोहिया : हाथ का लिखा हुआ है, उनके हाथ का लिखा हुआ है और जब आप चाहें मंगवा कर आपको दिखा सकता हूं। वह ऐसी जगह रखा हुआ है कि उसको लाने में देर लगेगी।

उसने कहा कि वह थकी हुई है, ऊबी हुई है। ऐसा क्यों ? क्योंकि जब कभी, उसने यह सवाल उठाया विदेश मंत्रालय के सामने या किसी भी मंत्री अथवा अफसर के सामने— मैं उन सब के नाम नहीं गिनाना चाहता हूं— उसको याद दिलाया गया कि तुम्हारी बच्चों रूस में है, दूसरे उसको याद दिलाया गया कि यहां की आबोहवा बडी गर्म है, अनुकूल नहीं रहेगी, तीसरे उसको याद दिलाया गया कि शुरू में लोग तुम को बड़ा खोजेंगे, ढूढेंगे फिर बाद में तुम्हारी पूछताछ नहीं रहेगी जो हर एक शरणार्थी की रहा करती है और चौथे उसको भारत-रूस के रिश्तों के बारे में समझाया गया। उसको घृणा हो गई, वह थक गई ऊब गई और उस बात में उसने यह भी लिखा है कि शायद यह मेरी गलती हुई है कि मैंने सब सम्भावनाओं को नहीं इस्तेमाल किया। यह बात मैं ज्यादा बता देना चाहता हूं क्योंकि स्वेतलाना जी के सामने दो पंथ थे, एक पंथ था अनुनय का, प्रार्थना का, समझाने बुझाने का। इस वक्त मैं आप से ज्यादा बात नहीं कहूंगा। इलाहाबाद में न जाने कितने जजों तक से उसने प्रार्थना की कि किसी तरह मुझे हिन्दुस्तान में रहने दो और उसका आसानी से पता लगाया जा सकता है, न जाने कितने और लोगों से भी उसने प्रार्थना कि। दूसरा रास्ता मैंने उसको बताया क्योंकि वह दुखी हो कर मेरे पास भी आई थी। तब मैंने कहा था कि तुम लड़ जाओ, प्रार्थना करने से काम नहीं चलेगा। तुम मेरे घर आओ और वहां रहो और लोग जबर्दस्ती से तुम को हटाना चाहे तो जाने से इन्कार कर दो, देखें कौन तुम्हारे साथ जबर्दस्ती करता है। तब उसने जवाब दिया था कि जिन्दगी इतनी आसान नहीं है। यह वह मसकवी में भी मुझ को कई बार कह चुकी थी कि जिन्दगी इतनी आसान नहीं है। मैं भी ज्यादा उसको नहीं कह पाया एक तो इस कारण से कि मैं इसी तरह की एक और अमरीकन औरत मार्गो स्किन्नर को बचा नहीं पाया था जिसे पुलिस ने जबर्दस्ती मोटर और हवाई जहाज में उठा कर अमरीका भेज दिया था। मुझे डर लगा कि यह तो स्वेतलाना है, इस हीरे को मैं कहां से बचा पाऊंगा, यह तो जबर्दस्ती भेज दी जायेगी। थोड़ा मुझ को डर लगा और थोड़ा मैं इस वक्त इस सदन में स्वीकार करता हूं कि मैं गलती कर गया उस औरत के दिमाग को पहचानने में कि वह इतनी भी मजबूत हो सकती है कि लड़ जायेगी। अगर जरा भी मुझे ख्याल होता इसका तो मैं उसको जरूर रहने के लिये बाध्य करता। दूसरे वह भी बात थी कि मैं चुनाव में इतना फंसा हुआ था कि पूरा दिमाग इस्तेमाल नहीं कर पाया। ये दो पंथ थे उसके सामने।

मैं अर्ज करना चाहता हूं कि शरणार्थी और वीसा का फर्क इस बहस में न करना। आप खुद कह चुके हो शरणार्थी-वीसा, वीसा यहां रहने के लिये, शरणार्थी कानूनी ढंग से हमेशा के लिये। खुद चौथी या पांचवी दिल्ली को देख लेना। उसका नाम जहां-पनाह हो सकता है। दस पांच बरस के लिये वह वक्त रहा होगा। दुनिया का कोई भी आदमी चाहे जहां से, दुखी हुआ, सताया हुआ यहां आकर पनाह पा सकता था। महाभारत में तो लाखों किस्से इस तरह के भरे पड़े हैं। किसी को शरण देने के लिये युद्ध तक हो जाया करते थे, राज्य तक को भी आंच में यहां के राजा डाल दिया करते थे, अगर कोई हमारे यहां रहना चाहता था तो। शेन का किस्सा है, कितने ही किस्से हैं। मैं चाहूंगा कि सदन के हर एक सदस्य का दिल दुखे यह देख कर कि इस औरत को कितना दुख पहुंचा है।

एक बात मैं भूल गया हूं। एक सभा में उन्होंने भाषण दिया था। बड़ी विचित्र बात है कि स्तालिन की लड़की इलाहाबाद में एक सभा में भाषण दे और कुछ एक लोगों को छोड़ कर किसी को पता न चले। वह लायंज क्लब की सभा थी और जज कुवर बहादुर अस्ताना उसके सभापति थे। 24 फरवरी को वह सभा हुई थी। उसमें उसने कहा था कि मैं हिन्दुस्तान पहली दफा आई हूं। मैं इस देश को प्रेम करती हूं। मेरी इच्छा है कि मैं यहां लम्बा रह सकूं। यह उसका भाषण 24 फरवरी का था। और जो उसने निजी बातें कहीं उन्हें आप अभी छोड़ दें।

इस में थोड़ी सी चीज मैं नागरिकता के बारे में कह देना चाहता हूं। अभी तक सारे संसार में नागरिकता केवल शारीरिक रही है। जितने संसार के कानून हैं, नागरिकता वे उनके अनुसार देते हैं और उसी को देते हैं जो किसी देश में पैदा होता है शरीर के हिसाब से या किसी देश में दो पांच दस बरस तक वह रह जाता है और वह भी शरीर के हिसाब से। जितने भी नागरिकता के गुण हैं वे शरीर के गुण हैं --

अध्यक्ष महोदय : अब आप समाप्त करने की कोशिश करें।

डा० राम मनोहर लोहिया : इस तरह की बहस में पहले मुझ को हमेशा आधा घंटा या पैंतीस मिनट मिला करते थे। अब मैं आशा करता हूं कि मुझे जरा ज्यादा समय आप देंगे।

नागरिकता के जो दूसरे गुण हैं, भावना का, मन का, चित्त का जो भारत में होना चाहिये, उपनिषदों के कारण अथवा महात्मा गांधी के कारण वह गुण बिल्कुल नागरिकता में लाया नहीं गया है। हमने यूरोप, अमरीका आदि से केवल शारीरिक गुण नागरिकता का ले लिया है। यह भी मैं आप से कह दूं कि यह भी बात मैंने खुद अपने मन से नहीं निकाली है। मेरा एक जर्मन दोस्त ब्यरनर ओयर्टल मुझ को कहा करता था कि यह क्या बात है कि तुम भी अपने देश में बिल्कुल यूरोपियन लोगों की नकल करते जा रहे हो, तुम्हारी नागरिकता तो थोड़ी बहुत मन की, चित्त की, संस्कृति की होनी चाहिये। तो यह उस हिसाब से भी बड़ी भारी गलती हो गई है।

ब्रजेश सिंह के बारे में मैं थोड़ा सा कहना चाहता हूं। उनका यहां भी जिक्र हुआ है और जब भी जिक्र हुआ आम तौर से उनका कम्युनिस्ट होने के तौर पर ही जिक्र हुआ। आम तौर से उनको कम्युनिस्ट समझा जाता है। काफी अर्सा वह अपने जीवन में कम्युनिस्ट रहे हैं। लेकिन बहुत काफी अर्से वह समाजवादी भी रहे हैं। वही समाजवादी जो समाज को मैंने कहा है सर्वथा ही राज्य से बचाना चाहते हैं। यह दूसरी बात है कि हम लोग इतने गरीब और इतने मुफलिस हैं कि लोगों को अच्छी तरह

[डा० राम मनोहर लोहिया]

से रख नहीं पाते। उनका एक किस्सा मैं बताता हूं उस दिन का जब हिटलर की पलटन ने बर्लिन में मजदूर मुहल्लों में, अलेक्जेंडर प्लाट्ज और वेडिंग इलाकों में जुलूस निकाला था पहली दफा। तब वे उन्मत थीं, खुशी के मारे पागल थीं। मैं तब वहां पर पढ़ा करता था। यह ब्रजेश मेरे अतिथि के रूप में मेरे साथ ठहरे हुये थे। उनके पास कोई पासपोर्ट वगैरह नहीं था। यह मेरे भी आत्मसम्मान का मामला हो गया था; उस वक्त कुछ झगड़ा सा हो गया था जिस घर में मैं रहता था उसके लड़के से क्योंकि वह शुटसस्टाफेल या श्टुर्स आब्ताइलुग में था। बहुत मामला खराब था। हिटली दो महीने पहले ही गद्दी पर बैठा था। ब्रजेश जेल जा सकता था। मेरी सब पढ़ाई लिखाई खत्म हो सकती थी। मुझ को भी जेल भेजा जा सकता था, मुझ को निकाल सकते थे। लेकिन हम डटे रहे, उस उन्मत्ता के सामने अपने आत्म-सम्मान को बचाते हुये। यह ब्रजेश समाजवादी भी अपने जीवन में बहुत देर तक रहे हैं। और यह स्वेतलाना न सिर्फ स्तालिन की लड़की है, यह ब्रजेश की पत्नी भी है, न सिर्फ ब्रजेश की पत्नी है यह भारतीय भी है और शरीर की परिभाषा से भी तथा मेरी उस परिभाषा से भी, मन की, चित्त की, परिभाषा से भी। यह सिर्फ भारतीय नहीं, है यह आदमी भी है क्योंकि जो तीन बार मैं इससे मिला हूं मैं कह सकता हूं कि इसकी तुलना मैं एक फूल से कर सकता हूं, चम्पा हो, आर्किड हो। जीवन से ठोकर खा कर इतना इसके दिल पर असर पड़ा कि एक बार तो उसने यहां तक कह दिया था कि मैं राजनीति से घृणा करती हूं। मसखरी में मुझ से उसने कहा कि मैं राजनीति से घृणा करती हूं और राजनीति से घृणा करने के न जाने कितने कारण और उचित कारण रहे होंगे। मैं भी थोड़ी बहुत राजनीति में कुछ क्षणों में घृणा करने लगता हूं, कई बार सोचता हूं, फिर वापस लौट आता हूं, राजनीति सचमुच कितनी बुरी है। न जाने उसके मन पर क्या असर पड़ा होगा और उसी घृणा में उसने यहां कुछ हमारे दोस्तों को यह भी कहा कि तुम आजाद हो गए हो। तुमने आजादी की लड़ाई जीती, मालूम होता है कि तुम को आजादी की एक और लड़ाई लड़नी पड़ेगी, जिस से तुम रूस और अमरीका से छुटकारा पा सको—इसके लिये तुम को दोबारा एक लड़ाई लड़नी पड़ेगी।' जब वह यहां ठहरी हुई थी, तब उस ने ये वाक्य कहे। मैं समझता हूं कि इन वाक्यों को याद करते हुये हमें इस इन्सान के बारे में कुछ ज्यादा सोच-विचार करना चाहिये। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि बहुत से लोग जब होता है, तब, कोई न कोई मामला इधर-उधर का लाकर के असली बात को बिगाड दिया करते हैं। इन्सान को ढूंढना है—इस इन्सान, स्वेतलाना को, न कि किसी अमरीकी या रूसी माम रे को।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपको यह भी याद दिलाऊं कि कई दफा हम लोग गलती कर जाते हैं। जैसे, आहार के ऊपर जब चर्चा होती है, तो लोग सोचते हैं कि यह तो आहार पर चर्चा है, इसका भाषा से क्या मतलब है? तो क्या यह पशुओं का आहार है? पशुओं के आहार को भाषा से मतलब नहीं है। लेकिन मनुष्यों के आहार की उत्पत्ति और उसका वितरण अगर ठीक करना है, तो मनुष्य की भाषा के द्वारा ही हो सकता है, और किसी तरह से नही हो सकता है। उस मनुष्य को ढूंढना है।

उसी तरह से मनुष्य मरता है गोली से, गोली चाहे कांग्रेसी हो और चाहे गैर-कांग्रेसी हो। इस बात को आप ने मुझे कल कहने नहीं दिया। मैं आप से जोर से कहना चाहता हूं कि जब आप ने कल मुझे रोका, तो वह बात अच्छी नहीं रही।

श्रीमती लक्ष्मी बाई (मेडक) : अध्यक्ष महोदय, हम लोग [illegible] से यहाँ बैठे

हुये हैं और अब छः बज रहे हैं। माननीय सदस्य बीस मिनट से बोल रहे हैं। आखिर वह क्या कहना चाहते हैं? वह यह नहीं कहते कि हमें क्या करना है।

श्री मधु लिमये (मुंगेर): माननीय सदस्या घर जायें।

Mr. Speaker: The hon. Member will now come to the point. He has already taken twenty minutes.

डा० राम मनोहर लोहिया : मैं अपने समय के भीतर ही रहूंगा। मुश्किल यह है कि जहां मनुष्य की चर्चा होने लगती है, वहां कुछ लोगों को बहुत बुरा लगने लगता है। वे मनुष्य की चर्चा पसन्द नहीं किया करते हैं।

इस मनुष्य को ढूंढना आज की अवस्था में कितना जरूरी हो गया है, यह इस से प्रकट है कि जहां एक तरफ़ लाखों लोग बिन-खाये मर रहे हों, वहां दूसरी तरफ़ फ्रांसीसी खाना कितना बढ़िया होता है, उस का प्रदर्शन रूज-ए-न्वार—लाल और काला—में होता है। यह इन्सान है, स्वेतलाना है। जिस देश में ऐसी वृत्ति आ जायेगी कि लोग अपनी तकलीफ़ और अपनी कमी, कम भोजन का आपस में बराबर बंटवारा नहीं करेंगे ख़ाली यह कोशिश करेंगे कि खुद तो मस्ती में रह लो, रूज-ए-न्वार चलाते रहो, और बाकी जनता को पीसते रहो, वह जनता और वह सरकार स्वेतलाना को बचा नहीं सकती। इन्सान को ढूंढना है।

आखिर क्यों डर गये? सोचा कि भारत और रूस के रिश्ते बिगड़ जायेंगे। भारत और रूस के रिश्ते क्या बिगड़ते! यह मैं मानता हूं कि स्टालिन की लड़की रूस छोड़ कर के आये, यह रूस पर मामूली चोट नहीं थी, बहुत बड़ी चोट थी, आज से छः सात बरस पहले जब ख्रुश्चेव साहब ने स्टालिन के झूठे सच्चे, जो कुछ भी हों, पूरे किस्से सुनाने शुरू किये, शायद उसी तरह की यह चोट थी। लेकिन यह चोट लग चुकी थी, स्वेतलाना यहां आ चुकी थी। मेरा अपना ख़याल है कि अगर स्वेतलाना को यहां रहने दिया जाता, तो इस चोट को सम्हाला जा सकता था। आखिर वह क्या चाहती थी। यही तो कि बोली और आचरण का स्वातंत्र्य रहे—हम जहां चाहे जा सकें, चाहे जो बोल सकें, चाहे जिस से मित्रता कर सकें। बोली और आचरण के स्वातंत्र्य को निबाहने के लिए सर्वग्राही राज्य की ताकत को कम करना आवश्यक होता है। अगर रूस वाले शुरू में इस बात को न समझते, तो मैं ख़ाली आप को इंगलिस्तान और अमरीका के रिश्ते का एक सिद्धान्त बताये देता हूं। कई दफ़ा वे आपस में बिगड़ जाया करते हैं, तो इंगलिस्तान और अमरीका वाले कहते हैं कि देखो, हम लोग बहुत अच्छे दोस्त हैं, इतने अच्छे दोस्त कि एक दूसरे की कमियां भी सुन सकते हैं और सुन कर उस पर . . .

Mr. Speaker: The hon. Member should finish within two minutes. There should be some limit somewhere.

डा० राम मनोहर लोहिया : आप यह न समझें कि मैं अपने अधिकार से बाहर जा रहा हूं। अगर आप चाहते हैं, तो मैं दो मिनट में ही ख़त्म कर देता हूं।

स्वेतलाना को जो घाव लगा था, अगर वह भारत में रह जाती, तो शायद वह धीरे धीरे पूरा हो जाता। यहां की हवा ही कुछ नर्म है, कड़ी नहीं है, लोगों के कड़ेपन को ख़त्म कर दिया करती है। यहां के लोग उस में बहुत ज्यादा सहनशील बन जाते हैं। मैं चाहता हूं कि वे कम सहनशील बनें, लेकिन वे बेचारे सहनशील बन जाते हैं। अगर स्वेतलाना भारत में रह जाती, तो उस का घाव पूरा हो जाता। वह भारत में न रह सकने के कारण बाहर गई ह। स्विटज़रलैंड में है। पता नहीं है। लोग कहते हैं कि शायद वह अमरीका पहुंच गई होगी। आप याद रखना कि यह घाव बिल्कुल हरा और गहरा रहेगा, क्योंकि अमरीका और यूरोप के

[डा० राम मनोहर लोहिया]

देशों में इतना स्वातंत्र्य है अखबारों का कि वे कुरेद कुरेद कर उस से उस का किस्सा निकालेंगे और तब रूस को और ज्यादा गहरी चोट लगेगी, तब रूस और तिलमिलायेगा, तब रूस उन्मत्त हो जायेगा और तब हमारी बात को समझेगा ।

अगर स्वेतलाना हिन्दुस्तान में रह गई होती, तो रूस के लिए भी ज्यादा अच्छा रहा होता, क्योंकि बातें संयम से हो पातीं । अब वहां के स्वातंत्र्य वाले अखबार खोद-खोद कर पूरी बातें निकाल कर रूस को खराब करेंगे । चाहे अमरीका की सरकार रूस की सरकार से मित्रता निबाहना चाहती हो, लेकिन आप जानते हैं कि अमरीका में स्वातंत्र्य है । आखिर सी० आई० ए० की दिन-रात जो चर्चा होती है, उस का सहारा क्या है ? न्यूयार्क टाइम्ज़ का । वह न होता, तो वहां पर ये बहसें न हो पातीं । इस मानी में वह तोड़ तोड़ कर बातें निकालने वाला देश है ।

मैं अब भी कहना चाहता हूं कि अगर भारत और रूस के रिश्ते सुधारने हों, तो फिर स्वेतलाना को यहां ले आना चाहिए । इस के लिए कोई ऐसा मर्द या और औरत जाये—औरत जाये, तो बड़ा अच्छा है, . . । मैं ने स्वेतलाना को अभी चम्पा कहा । प्रधान मंत्री की और हरकतों के बारे में मेरी जो कुछ भी राय हो—वह हैं नहीं—लेकिन उन्हें मैं आज एक अनोखे और विरले किस्म की चमेली कहना चाहता हूं । वह गद्दी पर बैठी हुई हैं । एक चमेली गद्दी पर बैठी हो, तो एक चम्पा हमारे देश में शरण न पा कर, बीसा न पा कर, दर-दर घूमती रहे, यह अच्छा नहीं है । उस को यहां वापस बुलाओ । उस से भारत और रूस के रिश्ते कुछ अच्छे ही होंगे, बुरे नहीं होंगे, चाहे थोड़ी देर के लिए रूस हम से बिगड़ जाये और समझे कि यहां पर क्या मामला किया जा रहा है ।

आखिर में मैं फिर से उस "बदनसीब ज़फ़र" की बात कहूंगा । "ज़मीन दो गज़"—सिर्फ़ दो गज़—"कूए यार में ।" यह कूए-यार पैदाइशी वाला नहीं, यह कूए-यार है दिल वाला, भावना वाला, चित्त वाला और मन वाला ।

Mr. Speaker: Now, I have got a list of Members before me. We have already taken half an hour. Shall we take another half an hour? The Members may put questions and the hon. Minister may reply then.

श्री मधु लिमये : यह तो ढाई घंटे की बहस हो सकती है । इस को अगले सप्ताह ले जाया जाये ।

Mr. Speaker: 2 hours is the maximum limit. We need not necessarily take 2 hours. One hour may be taken on this. We have already taken half an hour. I suggest that some of you who have sent me chits put questions and then the hon. Minister may reply so that we may finish it today. The questions may be long perhaps and they may take 15 minutes and the hon. Minister may take another 15 minutes.

श्री मधु लिमये : इस से नहीं बनेगा डेढ़ घंटा और दीजिये ।

Mr. Speaker: We may finish it today. Otherwise, if we continue it tomorrow, some of the important things will be glossed over tomorrow. I am calling only those who have sent me chits; I am not taking fresh chits. The rule is very clear that only those Members who have already intimated the Speaker are permitted to take part in this. I have already got intimations from some Members. I am calling them only. Shri Surendranath Dwivedy.

Shri Nambiar: (Tiruchirappalli): I may be allowed to submit that this is not a half-an-hour discussion. This discussion is being raised under rule 193.

Mr. Speaker: I know I have called Mr. Surendranath Dwivedy.

Shri Nambiar: This is wrong, Sir. I may be allowed.

श्री मधु लिमये : अध्यक्ष महोदय, इस पर दो-ढाई घंटे तक बहस चल सकती है, वर्ना आध घंटे की बहस में और इस में जिसको अल्प समय की बहस कहते हैं, उस में फर्क क्या है। इस को खत्म क्यों कर रहे हैं, दो-ढाई घंटे चलने दीजिये।

Mr. Speaker: 2 hours is the limit. Not more than 2 hours. The rule is very clear.

श्री मधु लिमये : तो ठीक है इस को दो घंटे चलने दीजिये।

Mr. Speaker: I will ask the House whether they are prepared to sit for another hour. I have no objection

Some Hon. Members: Yes

Mr. Speaker: Mr Surendranath Dwivedy.

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी (केन्द्रपाडा) अध्यक्ष महोदय, यह जो स्वेतलाना को लेकर जो विचार हो रहा है, मालूम पड़ता है कि हमारे हिन्दुस्तान की पार्लियामेन्ट के सामने यह सब से बड़ा सवाल है। जो भी हो, मैं समझता हू कि हमारी गवर्नमेन्ट ने जो बयान इस हाउस मे और दूसरे घर मे दिया है, उस से मामला ज्यादा रहस्यजनक बन गया है। रहस्यजनक मैं इस लिये कहता हूं—डाक्टर साहब ने विस्तार से सब बातें रखी है, मैं उस मे नही जाना चाहता हू—कि अब तक सब पढ़ कर हमें ताज्जुब लगता है कि हमारे विदेश मंत्री ने अब तक जो बातें कहीं हैं—पता नहीं क्या रुकावट है उन के मन मे, सब बात साफ़ रखने के लिये कुछ शायद कहीं अटक गये हैं। क्योंकि उन का जो बयान कल दूसरे घर में हुआ वहां उन्होंने साफ़ तौर पर बोला और दिनेश सिंह का नाम लिया—कि उनकी चाची आई तो इस में क्या खराबी है और गवर्नमेन्ट का इस में क्या ताल्लुक है ? मैं अपने एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्टर साहब से पूछना चाहता हूं जो कि अब रहे हैं, मौका अनिश्चित रहे हैं—अब वह जानते हैं कि दिनेश सिंह की चाची है जो बात साफ़ हो जाती है कि वह भारतीय हैं और उन्होंने ब्रजेश सिंह को शादी किया था। लेकिन इस घर में जब इस के ऊपर विचार हुआ, तब बार बार पूछा गया कि क्या उन्होंने ब्रजेश सिंह को मैरिज किया था, तब हमारे वैदेशिक मंत्री बोले—इस मे दिया गया है—

This Indian gentleman was not registered in Russia

Shri D. C. Sharma (Gurdaspur): They do not register such marriages.

Shri Surendranath Dwivedy: This Indian gentleman had a wife here who was judicially separated but not divorced from him That is the position with regard to marriage

अब प्रश्न यह है कि यह सच है कि या वह जो बोला गया है वह सच है। मैं समझता हूं कि इस बात में ज्यादा दूर तक जाने की जरूरत नहीं है—जो झगड़ा है वह यह है कि वह लैटर भेजा था या नहीं और दिनेश सिंह को यहां रहने के लिये बोला था या नहीं, दिनेश सिंह उस वक्त एक्सटर्नल अफेयर्स मे मिनिस्टर थे, इस हैसियत की वजह से उन्होंने दिनेश सिंह को बोला अथवा दिनेश सिंह उनका भतीजा है, इस लिये उन को बोला, इसमें कोई फर्क की बात नही है। बात सिर्फ यह है कि अगर उसने दिनेश सिंह को यहां रहने के वास्ते बोला तो वह यहां पर रहना चाहती थी। बल्कि यह समझ लेना चाहिये कि दिनेश सिंह को सिर्फ भतीजा होने की वजह से बोला, ऐसी बात नहीं है, बल्कि इस लिये कि वह एक्सटर्नल अफेयर्स के मिनिस्टर हैं और वह उसका यहां रहने का इन्तजाम कर देंगे, इसलिये उसने इन को बोला।

अब प्रश्न यह है कि जो लैटर हमारे सामने है, उससे ऐसा मालूम पड़ता है कि दिनेश सिंह नहीं चाहते थे कि वह इस देश में रहे। इस लैटर से यह बात बिल्कुल साफ़ है। हमारे वैदेशिक मन्त्री इस बात को जानते हैं कि जब चाची यहां पर रहती है तो फिर उसका सम्पत्ति के अधिकार का सवाल भी पैदा होगा और

[श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी]

भी तरह तरह की दूसरी बातें उठेंगी। तो शायद इसी लिये वह चाहते थे कि किसी तरह भी हो, वह यहां पर न रह पायें और इसी वजह से यह सब कुछ किया गया। यह बात देश कभी विश्वास नहीं करेगा और दुनिया के लोग भी विश्वास नहीं करेंगे, चाहे आप जितनी सफ़ाई दें, कि स्वेतलाना जो इतनी दूर से आई, इतने प्रेम के साथ इस देश में आई, अपने बच्चे-बच्ची को छोड़ कर आई, उसकी इस देश में, भारत में रहने की ख्वाहिश नहीं थी तथा उसकी जो अभिलाषा थी, उसने अपनी अभिलाषा को सरकार के पास भेजा भी। जब उसने ऐसा कहा है तो फिर हमारे वैदेशिक मन्त्री यह कहें कि कोई प्राइवेट सिटिज़न किसी प्राइवेट आदमी के साथ कोई बात कहे, उससे हमारा क्या सम्बन्ध है। ऐसा तो दुनिया में कहीं नहीं चलता है। मैं जानना चाहता हूं कि जब ये सब बातें यहां पर कही गई हैं, तब दिनेश सिंह जी यहां पर आकर अपना परसनल एक्सप्लेनेशन क्यों नहीं देते हैं कि क्या बात सच है, क्या झूठ है। जब यहां पर बार बार कहा जाता है कि दिनेश सिंह एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्टर थे, और स्वेतलाना ने अपनी डिजायर उन को एक्सप्रेस की थी, कम्युनिकेट की थी, तब मैं जानना चाहता हूं कि वह यहां आकर क्यों नहीं पर्सनल एक्सप्लेनेशन के तौर पर सब बातें जाहिर करते हैं। इससे साबित होता है कि उनकी डिजायर उसको यहां पर रखने की नहीं थी और हमारी गवर्नमेंट ने इस सारे मामले को खराब तरीके से बिगाड़ा है और जैसा डा० लोहिया ने कहा है मैं उनसे सहमत हूं कि जो हो गया, सो हो गया, अब जो कहा जाता है कि वह हम को एप्लीकेशन करे, तो एप्लीकेशन की बात नहीं है बल्कि हमारी गवर्नमेंट की तरफ़ से उसको बोलना चाहिये कि हम उन को अपने देश में रखने के लिये राज़ी हैं।

Shri D. C. Sharma: I endorse every word of what Dr. Lohia has said. I think he has not distorted anything and he has not exaggerated anything. But I want to ask one question. How far is it true—this is going on in the Lobbies of Parliament: this is being whispered in almost all the homes of India; I did not want to mention names, but since my hon. friend, Shri Surendranath Dwivedy, always calls a spade by the name of a spade and since he has mentioned the name of Raja Dinesh Singh, I am also mentioning his name—how far is it true that Raja Dinesh Singh abetted by the Cabinet Secretary, Shri L. K. Jha, was responsible for hatching a plot....

Mr. Speaker: He is not Cabinet Secretary.

Shri D. C. Sharma: I do not remember the designations of all these bureaucrats.

Anyhow, how far Raja Dinesh Singh abetted by Shri L. K. Jha, Cabinet Secretary or whatever he may be....

Mr. Speaker: Do not say Cabinet Secretary.

Shri D. C. Sharma: I am sorry, but I hope he will become Cabinet Secretary some day—abetted by L. K. Jha, had a plot somewhere. I want to leave the place vague, I do not want to mention the place, to enlist the service of CIA, so that this lady who used to read the Bhagavat Gita, who could write in Hindi, who used to bathe in the holy Ganges, was spirited away out of India and taken to Switzerland, so that she could not leave a footprint on the sands of India even for one or two or three months?

Shri Nambiar: Very pertinent question.

Shri Umanath (Pudukkottai): I submit this question involves the important aspect of relationship between our country and the USSR, and, no the other hand, our own sovereignty is involved in this issue. So, I would like the whole House not to take the question in a party light, because both these things are important for our country.

My information is, and I would like Shri Chaglaji to attend to this

in a sobre rep'y and to my suggestion also....

The Minister of External Affairs Shri M. C. Chagla): I am quite sober

Shri Hem Barua (Mangaldai): Always sobre, except in the evening!

Shri Nambiar: Why this exception?

Shri Umanath: My information is that this arrangement to get Mrs. Svetlana from Soviet Union to India and then to western countries was being made from January, 1966 itself. The second information is that Mr. Dinesh Singh had undertaken with the Soviet Government leaders financial and other responsibilities also as far as her coming over here was concerned. Thirdly, after her coming, while she was at Kalakankar and at Lucknow she was contacted by CIA men; especially while at Lucknow when she went to a theatre to see the cinema, there the CIA men joined and had conversations with her. Another information is that on the day of her departure from India to Switzerland, in the evening at about 4 p.m., when she was in the Soviet Embassy, she had a phone call by which she was asked to go to Mr. Dinesh Singh's house, and then to Mr. T.N. Kaul's house, for a farewell dinner at Mr. Kaul's house. After receiving the phone call, she left for Mr. Dinesh Singh's house, and at about 7 p.m. Mr. T. N. Kaul's daughter....

Shri Shivaji Rao S. Deshmukh (Parbhani): Were you in the CIA for some time? You seem to know so many things.

Shri Umanath: I got the information from the same source from where I got the information of CIA being in the American Embassy.

An hon. Member: From a Russian source?

Shri Nambiar: We are CIA to CIA.

Shri Umanath: We have got a counter-CIA, I am proud of that, to trace the CIA.

At about 7 p.m. Mr. T. N. Kaul's daughter came to the Soviet Embassy under the pretext of taking Mrs. Svetlana, and when from Mr. Dinesh Singh's house Mr. Svetlana was not returning, an enquiry was made on the phone. It was stated from Mr. Dinesh Singh's house that she must have gone to the Jumna banks for prayer because recently she had started going to temples and all those things. This is the information which I have gathered, because she had been to Mr. Dinesh's house after the phone call to spirit her away to the American Embassy, as the External Affairs Minister the other day said here.

Finally, at the airport this is what happened. The other day the External Affairs Minister said that for foreigners the "P" form is not required. My information is that as per the rules, if the ticket is purchased in foreign currency by a foreigners, no "P" form is required, but if the ticket is purchased in Indian currency, the "P" form is required. I want the Minister to clear this position.

Now, this ticket was purchased partly in foreign currency and there was shortage, and then Indian currency was paid. So, when this happened, how is it that without the "P" form she was allowed? So, the point is that either when the ticket was purchased with Indian currency and the "P" form was asked for by the airport authorities and without the "P" form she was not allowed, then, as the saying goes, it is probable that, Mr. Dinesh Singh phoned to the airport authorities and get her allowed without the "P" form; otherwise, it may be the other thing, that the airport authorities must have violated the rules and allowed her to proceed without the "P" form. The other day I said that this Mr. Rae the second secretary in the American Embassy was a CIA man after getting various confirmations. This person escorted her to Switzerland. I say that he has no business

[Shri Umanath]

to do that because it is not a case where the lady has taken an American citizenship or got asylum from America. She has not been given asylum in America. She is a Soviet citizen. Why should he accompany her when she has not been given asylum. He goes and purchases a ticket for her; he goes to Switzerland with a Soviet citizen. She is being taken away from our land to Switzerland. A Soviet citizen is being removed by the second secretary in the American Embassy. That is why I say he has violated the sovereignty of our country. I demand that he must be sent back from here and our Government must see that he is thrown out of here.

Shrimati Lakshmikantamma (Khammam): The very fact that Dr. Lohia, a turbulent Member of this House turned so romantic and humanitarian .... (*Interruptions.*) I am complementing him; I agree with him. A number of people from foreign countries have been attached to our country. In the Sivananda Ashram I have seen a number of people coming from all over the world from different countries, from west and east in search of peace. From the accounts that Dr. Lohia gave and from what I have read about her bathing in the Ganges and worshipping Lord Krishna with folded hands and closed eyes—all these show that she was attached to this country. We should not allow her coming here to be politically exploited. If we give asylum for her in this country, I do not think it will affect our relations with Russia. We should not allow this thing to be exploited politically by the CIA and other western countries; we should not allow her difficulties to be exploited by others for political purposes. Ours is a fearless country and it is our duty to uphold what is right. We must give protection to a person who is the daughter-in-law of this great land.

Shri Nambiar: Sometimes she is very sober.

Shri Sonavane: She is always sober.

Shri Hem Barua: Whatever that may be, I do not want to indulge in any witch-hunting but I would say that I do not want India to be a sanctuary for all discarded women of the world.... (*Interruptions.*)

18.18 hrs.

[SHRI BAL RAJ MADHOK *in the Chair*]

